



... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 14 नवम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक


वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 77 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया









# नीतीश की आंधी में उड़ गया गठबंधन

- कांग्रेस की हवा खराब, 'वोट चोरी' के खिलाफ निकाली गयी यात्रा भी बेअसर
- तेजस्वी और तेजप्रताप की भी डूबी लुटिया, प्रशांत किशोर का भी बंटाधार

- जनता ने मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर जताया विश्वास
- एनडीए बंपर और निर्णायक जीत राजद के नेतृत्व में विपक्ष का बुरा हाल



**पटना।** मौजूदा रुझान दर्शाते हैं कि जनता ने एक बार फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपना भरोसा जताया है, और एनडीए एक और ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रहा है। मौजूदा रुझानों में, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले एनडीए ने कुल मिलाकर 199 सीटें हासिल की हैं, जिसमें भाजपा 91, जदयू 81, लोजपा 21, हम 3 और आरएलएम 4 सीटों पर आगे चल रही है। लगभग दो दशकों से राज्य पर शासन कर रहे नीतीश कुमार के लिए, इस चुनाव को व्यापक रूप से राजनीतिक सहनशक्ति और जनता के विश्वास, दोनों की परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है। बिहार को अक्सर 'जंगल राज' कहे जाने वाले साये से बाहर निकालने के लिए कभी 'सुशासन बाबू' कहे जाने वाले मुख्यमंत्री को हाल के वर्षों में मतदाताओं की थकान और अपने बदलते राजनीतिक समीकरणों पर सवालों का सामना करना पड़ा है। बहरहाल समाचार के लिखे जाने तक बिहार विधानसभा चुनाव के रुझानों में एनडीए बंपर और निर्णायक जीत की तरफ बढ़ रहा है। राजद के नेतृत्व में महागठबंधन का बुरा हाल है। साफ है कि बिहार की जनता ने पीएम मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर विश्वास जताया है। दोपहर 2 बजे तक चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, भाजपा 90, जदयू 80, राजद 29, लोजपा रामविलास 20, कांग्रेस 5, एआईएमआईएम 5, हम 5 सीटों पर आगे रही।

### बिहार तो झांकी है, आगे बंगाल बाकी है

बिहार के मंत्री और गया टाउन विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रेम कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम पर कहा, 'बिहार तो एक झांकी है और आगे बंगाल बाकी है। अगला पड़ाव भाजपा का बंगाल में होगा और वहां पर हम सरकार बनाएंगे। बिहार में चुनाव संपन्न होने के बाद अगला चढ़ाई हम बंगाल में करेंगे और वहां पर हम ममता बनर्जी को सत्ता से बाहर करेंगे। वहां पर जो जंगलराज आ गया है और वहां की जनता को जंगलराज से मुक्त कराकर राम राज लाने का काम करेंगे।'

### अखिलेश ने महागठबंधन की हार ठीकरा फोड़ा एसआईआर पर

**नई दिल्ली।** बिहार में चुनाव के रुझानों में NDA 190 सीटों पर आगे चल रही है। वहीं महागठबंधन महज 49 सीटें पर आगे चल रही है। रुझानों के आधार पर एनडीए की सरकार में बिहार में बनती दिख रही है। इस रुझान को लेकर समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा, 'बिहार में जो खेल SIR ने किया है वो प. बंगाल, तमिलनाडू, यूपी और बाकी जगह पर अब नहीं हो पायेगा क्योंकि इस चुनावी साजिश का अब भंडाफोड़ हो चुका है। अब आगे हम ये खेल, इनको नहीं खेलने देंगे। CCTV की तरह हमारा 'PPTV' मतलब 'पीडीए प्रहरी' चौकन्ना रहकर भाजपाई मंसूबों को नाकाम करेगा। भाजपा दल नहीं छल है।'

### बिहार में कांग्रेस की दुर्गति पर बीजेपी का तंज

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों में महागठबंधन के बुरी हार के संकेत मिल रहे हैं। रुझानों में पार्टी महागठबंधन 40 सीटों ने नीचे जाती दिख रही है। वहीं इस गठबंधन का हिस्सा रही कांग्रेस 4-5 सीटों पर जूझ रही है। इस बीच भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा कटाक्ष किया है। आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुए, मालवीय ने एक्स पर पोस्ट किया, 'राहुल गांधी! एक और चुनाव, एक और हार! अगर चुनावी निरंतरता के लिए कोई पुरस्कार होते, तो वह सभी पर भारी पड़ते। इस दर पर, असफलताएं भी सोच रही होंगी कि वह उन्हें इतनी विश्वसनीयता से कैसे पा लेते हैं।'

### जदयू के बगैर एनडीए बहुमत पार

**पटना।** बिहार में नई सरकार बनाने का एक नया समीकरण बन गया है। वो समीकरण है नीतीश के बिना NDA सरकार। यानी पहली बार बीजेपी बिहार में अपना सीएम बना सकती है। दोपहर 2 बजे तक के रुझानों के मुताबिक NDA में बीजेपी 91, जदयू 80, चिराग की पार्टी LJP (R) 22, मांझी की पार्टी HAM 5 और कुशवाहा की पार्टी RLM 4 सीटों पर आगे चल रही है। बीजेपी की 91 सीट+ चिराग की LJP ® 22 सीट+ मांझी की (HAM) 5 सीट+ कुशवाहा (RLM) की 4 सीट = 122 सीट। बहुमत के लिए 122 सीटें चाहिए। अब तक आंकड़ों के मुताबिक नीतीश के बिना NDA 122 पर पहुंच गया है। एक्सपर्ट्स का मानना है बीजेपी कांग्रेस के 5, लेफ्ट के 6 और बसपा के 1 विधायकों को मिलाकर अपनी संख्या और बढ़ा सकती है।

### एआईएमआईएम ने कांग्रेस को पछाड़ा

एआईएमआईएम के उम्मीदवार पांच सीटों जोकीहाट, ठाकुरगंज, कोचाधामन, अमौर, बइसी सीटों पर आगे चल रहे हैं। गौरतलब है कि देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस एआईएमआईएम से भी पीछे है और सिर्फ चार सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार आगे चल रहे हैं।

## लालकिला धमाका : सुरक्षाबलों ने आतंकी उमर नबी का घर उड़ाया




- पांच सौ ज्यादा स्थानों पर छापेमारी, 600 से अधिक लिए गए हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट केस में गुरुवार रात सुरक्षा बलों ने पुलवामा में आतंकी डॉ. उमर नबी के घर को IED ब्लास्ट से उड़ा दिया है। गुरुवार को ही DNA मैचिंग के बाद इस बात की पुष्टि हुई है कि कार में उमर ही था। उमर पुलवामा के कोइल इलाके में रहता था। पुलिस उसके माता-पिता और भाईयों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इधर, सुरक्षा बलों ने पिछले 3 दिन में कश्मीर में 500 लोकेशन पर छापा मारा है। पूछताछ के लिए 600 लोग हिरासत में लिए गए हैं। खुफिया एजेंसियों ने खुलासा किया है अब तक गिरफ्तार 8 आतंकियों ने बताया कि वे 6 दिसंबर यानी बाबरी मस्जिद ढहाने की बरसी के दिन दिल्ली समेत देशभर में कई जगह धमाके करना चाहते थे।

## 7 राज्यों में 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव : बीजेपी राजस्थान की अंता सीट हारी, नागरोटा में जीती

**नई दिल्ली।** 7 राज्यों की 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के वोटों की काउंटिंग जारी है। राजस्थान के अंता (बारां) में कांग्रेस के प्रमोद जैन भाया जीत गए। उन्होंने भाजपा के मोरपाल सुमन को 15594 वोटों से हराया। निर्दलीय नरेश मीणा तीसरे नंबर पर रहे। पंजाब की तरनतारन विधानसभा सीट आम आदमी पार्टी के हरमीत संधू, मिजोरम के डम्पा से मिजो नेशनल फ्रंट के डॉ. आर ललथंगलियाना और जम्मू-कश्मीर के नागरोटा में बीजेपी उम्मीदवार देवयानी राणा चुनाव जीत गई हैं। वहीं, झारखंड के घाटशिला सीट से पूर्व सीएम चंपई सोरेन के बेटे भाजपा उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन पिछड़ गए हैं। इधर जम्मू-कश्मीर के बडगाम में महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी, तेलंगाना की जुबली हिल्स में कांग्रेस और ओडिशा की नुआपाड़ा में बीजेपी आगे चल रही है। जम्मू-कश्मीर में 2 विधानसभा सीटें बडगाम और नगरोटा अक्टूबर 2024 से खाली हैं। सीएम उमर अब्दुल्ला 2 सीटों से चुनाव जीते थे। इसके बाद उन्होंने 21 अक्टूबर, 2024 को गांदरबल सीट को अपने पास रखा और बडगाम सीट छोड़ दी थी। इसलिए इस सीट पर चुनाव हो रहा है।




## घर में मिली पूरे परिवार की लाश

**श्रावस्ती।** श्रावस्ती जिले के इकौना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कैलाशपुर में शुक्रवार की सुबह पूरा परिवार मृत अवस्था में मिला। इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कैलासपुर के मजरा लियाकतपुरवा में पांच शव मिलने के बाद से हड़कंप है। मृत युवक सिरोज अली की मां ने बताया कि सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो उन्हें चिंता होने लगी। कई बार उन्होंने दरवाजा पीटा लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। कुछ देर इंतजार करने के बाद छोटी बहू व बेटी राबिया को बुलाकर देखने को कहा। बेटी राबिया ने जब खिड़की से देखा तो पांचों लोग बिस्तर पर पड़े थे। मां ने बताया कि उनका बेटा सिरोज अली, उनकी पत्नी शहनाज के बीच पहले झगड़ा होता था, लेकिन अब झगड़ा नहीं होता था। मृतकों में एक डेढ़ साल के बेटे सहित दो बेटियां शामिल हैं।

## सबसे उम्रदराज अदाकारा कामिनी कौशल का निधन



**मुम्बई।** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के स्वास्थ्य को लेकर चल रहीं खबरों के बीच बॉलीवुड से एक दुखद खबर सामने आई है। भारत की सबसे उम्रदराज अभिनेत्री कामिनी कौशल ने 98 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। कामिनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही थीं। कामिनी कौशल ने अपने अभिनय से इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई थी। बतौर हीरोइन काम करने के बाद, उन्होंने कई फिल्मों में मां के भी यादगार किरदार निभाए थे।

### पुल की रेलिंग तोड़ दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से नीचे गिरी कार, पांच लोगों की जान गयी

**रतलाम।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर रतलाम जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर ग्राम भेतिया के समीप एक का कार नियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए खाई में जा गिरी। इससे कार में सवार पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 15 वर्षीय किशोर भी बताया जा रहा है।

### 78 मुकदमे के आरोपी माफिया कुंटू सिंह की पत्नी समेत हिरासत में

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में अपराधियों पर नकेल कसने के अभियान के तहत आजमगढ़ पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रदेशस्तर पर चिन्हित माफिया व गैंग लीडर ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू सिंह सहित चार अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह फर्जी कागजात बनवाकर श्रीकृष्ण पाठशाला (इंटर कॉलेज), आजमगढ़ की मैनेजिंग कमेटी पर कब्जा जमाने की साजिश कर रहा था। इस मामले में पुलिस ने कुंटू सिंह की पत्नी बंदना सिंह सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए कोतवाली में पुलिस ने पीएसी लगाई है।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव

● तापमान अधिकतम : 23.8°C
● तापमान न्यूनतम : 20.8°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14

वाराणसी, 14 नवम्बर, शुक्रवार, 2025 (3)




छाया : जनमुख डेस्क





# बिहार में जीत का काशी में जश्न

## ढोल-नगाड़ों पर भाजपाइयों ने खूब किया डांस, मिठाई बांटकर खुशी का इजहार



● शहर में कई स्थानों पर लहराया भगवा, बुलंद किया गया जय श्रीराम का नारा, विपक्षी खेमों में उदासी और निराशा का माहौल

**वाराणसी।** बिहार विधानसभा चुनाव के शुरुआती रुझानों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बढ़त बना ली है। शुरुआती गिनती में भाजपा और उसके सहयोगी दल एनडीए कई सीटों पर आगे चल रहे हैं। रुझानों ने ही भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह भर दिया है। पार्टी कार्यालयों के बाहर हलचल बढ़ गई है और समर्थकों ने जीत की उम्मीद में जश्न मनाना शुरू कर दिया है। इधर रुझानों के आते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ता सीना चौड़ा करके सड़क पर आ गए हैं। भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नेताओं ने सड़क पर उतरकर ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते हुए अपनी खुशी का इजहार किया। भाजपाई बहुल मुहल्लों में जमकर मोदी जिन्दाबाद के नारे बुलंद किए गए। महिला कार्यकर्ताओं ने भी जश्न में भागीदारी की। कई जगहों पर पार्टी झंडे लहराते कार्यकर्ता 'भाजपा ज़िंदाबाद' और 'जय श्री राम' के नारे लगाते नजर आए। माहौल में जोश इतना था कि समर्थक एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाते और पटाखे जलाते दिखे। इस दौरान विपक्षी खेमों में उदासी और निराशा का माहौल देखा गया। बिहार में कांग्रेस के लचर और कमजोर प्रदर्शन को लेकर कार्यकर्ताओं के बीच बहस और चर्चाएं चलीं।

## बेटी ने दी पिता को मुखाग्नि



जनमुख डेस्क

● नारी सशक्तिकरण और पारिवारिक संस्कारों का अद्भुत उदाहरण

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** शहर के प्रख्यात व्यवसायी एवं समाजसेवी राकेश कुमार अग्रवाल के निधन के बाद हुए अंतिम संस्कार में एक ऐसा भावनात्मक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला जिसने सभी की आंखें नम कर दीं। उनकी बड़ी पुत्री पूजा अग्रवाल ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। यह क्षण न केवल नारी सशक्तिकरण का प्रतीक बना, बल्कि भारतीय पारिवारिक संस्कारों, शिक्षा और बेटी के कर्तव्यनिष्ठ भाव का अनुपम उदाहरण भी बन गया। स्व.राकेश कुमार अग्रवाल अपने सरल, धर्मनिष्ठ और विनम्र स्वभाव के लिए जाने जाते थे। अंत्येष्टि के बाद आर्य समाज पद्धति से 'त्रिरात्रि' का आयोजन उनकी दोनों पुत्रियों द्वारा किया जा रहा है, जो परिवार की धार्मिक आस्था और परंपराओं के प्रति सम्मान को दर्शाता है।


## वाराणसी कोर्ट में 13 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**वाराणसी।** वाराणसी के जिला एवं सत्र न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को किया जाएगा। इस लोक अदालत में 50 हजार से अधिक मामलों का निस्तारण किया जाएगा। 13 दिसंबर रविवार को आयोजित होने वाली लोक अदालत वर्ष की आखिरी लोक अदालत होगी। अपर जिला जज आलोक कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए हाईकोर्ट और शासन से संवाद के बाद नई तारीख का फैसला लिया गया। नवागत जिला जज संजीव शुक्ला की अध्यक्षता में लोक अदालत आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के सुलहनीय मामलों, जैसे दीवानी, फौजदारी, राजस्व और मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद का निपटारा किया जाएगा।

## जयंती पर याद किए गए पंडित नेहरू, दी गयी श्रद्धांजलि

● कमलापति त्रिपाठी फाउंडेशन ने किया विचार गोष्ठी का आयोजन

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** आजाद भारत के चप्पे चप्पे पर लिखी हुई है आधुनिक भारत के महान शिल्पकार देश के प्रथम प्रधान मंत्री युग पुरूष पंडित जवाहरलाल नेहरु द्वारा किये गये विकास की गाथा। केवल अनर्गल टीका टिप्णी के सहारे नहीं पंहुच सकते उस उंचाई तक बौने कद के लोग। उक्त विचार आज ईंगलिसियालाइन स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी फाउंडेशन के कार्यालय में आयोजित पंडित जवाहरलाल नेहरू की136वीं जयन्ती पर वक्ताओं द्वारा अपना विचार



रखते हुये व्यक्त किया गया। विचार गोष्ठी शुरू होने से पूर्व उपस्थित लोगों द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके नेहरू को आदरांजलि दी गई। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता पंडित विजय शंकर पाण्डेय ने और संचालन फाउंडेशन के सचिव बैजनाथ सिंह ने किया। विचार गोष्ठी के प्रमुख वक्ता पूर्व एमएलसी पंडित राजेश पति त्रिपाठी सहित अन्य विशिष्टजन उपस्थित रहे।

## शत-प्रतिशत सपोर्टिंग सुपरविजन लक्ष्य के सापेक्ष कराया जाए : डीएम

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गुरुवार को बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक राइफल क्लब वाराणसी में आहुत हुई। बैठक में सबसे पहले गुणवत्ता शिक्षा की समीक्षा समीक्षा की गई जिसमें एआरपी द्वारा सपोर्टिंग सुपरविजन विकास क्षेत्र आराजी लाइन पिंडरा एवं नगर



क्षेत्र में कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्ति की गई तथा खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि माह नवंबर में शत-प्रतिशत सपोर्टिंग सुपरा-विजन लक्ष्य के सापेक्ष कराये। डाइट मेंटर द्वारा सपोर्टिंग सुपरविजन कम पाए जाने पर डायट प्राचार्य को निर्देशित किया गया कि सभी डाइट मेंटर का सपोर्टिंग सुपरविजन लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण कराया जाए यदि रोस्टर के अनुसार कार्य दिवस में अवकाश रहता है तो उसको अगले दिवस को कराया जाए।

## NSG ने गंगा में आतंकियों को मारने का रिहर्सल किया

**वाराणसी।** काशी में गंगा में खड़े क्रूज पर शुक्रवार सुबह तेज धमाका हुआ। विस्फोट होते ही चारों ओर धुआं फैल गया और विजिबिलिटी कम हो गई। NSG ने मोर्चा संभाल लिया। कमांडोज नदी में छलांग लगा दी और क्रूज को चारों ओर से घेर लिया। यह नजारा रविदास घाट पर मॉकड्रिल के दौरान दिखाई दिया। मॉकड्रिल में ञ्एउ के जवानों ने घायलों को बचाने और आतंकियों को मारने की प्रैक्टिस की। हेलिकॉप्टर से क्रूज पर उतरे और आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ के बाद सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद मॉकड्रिल के जवान वापस लौटे। इससे पहले 3 अक्टूबर में संकट मोचन और विश्वनाथ धाम समेत कई स्थानों पर मॉकड्रिल की गई थी। तब रविदास घाट की मॉकड्रिल बारिश के कारण स्थगित हुई थी, जिसे आज किया गया।

# वैज्ञानिक समारोह में अस्थि रोग विशेषज्ञों का लगा जमावड़ा



जनमुख डेस्क



जनमुख डेस्क





जनमुख डेस्क

● विक्रम पैलेस में काशीकान 2025 का आयोजन

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** काशिकान 2025 का आयोजन (14वें वार्षिक समारोह वात्सल्य हॉस्पिटल) एवं उद्घाटन 9 नवंबर विक्रम पैलेस में VOA एंड UPOA के अंतर्गत आयोजित किया गया इसके मुख्य आयोजन कर्ता (सचिव) डॉ. अनुपम श्रीवास्तव थे। प्रमुख रूप से डॉ. डी.डी. तन्ना (चीफ गेस्ट) ने रिवीजन ट्रामा सेशन में सर्जरी में कूल्हे की सर्जरी, इंप्लांट एक्सट्रैक्शन डिवाइसेज पर विस्तार रूप से अपना लेक्चर दिया। डॉ राजीव रमन (गेस्ट ऑफ़ ऑनर) ने बताया की घुटना की दूरबीन से लिगामेंट मी सर्जरी दुबारा कैसे सफल पूर्वक किया का सकता है। डॉ. शिवम् सिंन्हा ने कोहनी पर अपना शोध पत्र पढ़ा । डॉ. पंकज सिंह, डॉ श्वेताभ राय, डॉ चंदन किशोर, डॉ हर्षित, डॉ नीरज श्रीवास्तव (वैज्ञानिक सचिव), डॉ अजीत सिंह, डॉ उन्मेष ने विभिन्न रिवीजन स्कॉपी और रिवीजन ट्रामा सर्जरी पर लेख पढ़ा और विस्तार रूप से चर्चा किया। वैज्ञानिक समारोह का आयोजन प्रमुख रूप से प्रो. एस. सी. गोयल प्रमुख आयोजन कर्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ। डॉ. अमित जायसवाल UPOA सचिव, डॉ. पीयूष मिश्रा UPOA अध्यक्ष डॉ. संजय यादव, VOA सचिव डॉ हरीश अग्रवाल VOA अध्यक्ष शामिल थे। संचालन डॉ आरती दिव्या द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन आयोजक कर्ता डॉ अनुपम श्रीवास्तव ने किया। वैज्ञानिक समारोह में शहर के अस्थि विशेषज्ञ प्रो अमित रस्तोगी, डॉ. एन पी लाल, डॉ. के. एन. सिंह, डॉ. गौतम चक्रवर्ती, डॉ. ए. के. दूबे, डॉ. अजीत सैगल, डॉ. एस. एन. यादव, डॉ दिलीप यादव, डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. बी. पी. सिंह, डॉ. बी. वी. श्रीवास्तव, डॉ बृजेश अन्य लगभग 90 अस्थि रोग विशेषज्ञ शामिल थे।







## अग्निवीर भर्ती में बलिया-चंदौली के युवाओं ने बहाया पसीना

**वाराणसी।** वाराणसी में शुक्रवार को कैंटोनमेंट के रणबांकुरे मैदान पर अग्निवीर भर्ती के 7वें दिन बलिया और चंदौली के युवाओं ने पसीना बहाया। भर्ती में 979 अभ्यर्थियों ने दमखम दिखाया। मैदान पर दौड़ और फिजिकल में महज 624 अभ्यर्थी सफल घोषित हुए। सेना की ओर से सोल्जर जीडी (जनरल ड्यूटी) पद के लिए कुल 1217 अभ्यर्थियों को बुलाया गया।। भर्ती में शामिल होने के लिए गुरुवार की देर रात सैकड़ों अभ्यर्थी रणबांकुरे मैदान के होल्डिंग एरिया में पहुंच गए।

## त्रिदेव मंदिर में दादी विवाह उत्सव की मची धूम, निकाली गयी निशान यात्रा

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** दुर्गाकुंड स्थित त्रिदेव मंदिर में त्रिदेव मंदिर सेवक परिवार द्वारा रविवार को दादी विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया गया । मारवाड़ी समाज की महिलाओं पुरुषों ने अपने घरों में दादी का उत्सव मनाया विधि विधान से पू-जा की और घर की खुशी के लिए प्रार्थना की तत्पश्चात महिलाएं पुरुष मंदिर में पहुंचकर दादी का जात लगाई। सीमा केज-रीवाल के नेतृत्व में किरण सराफ, उषा केजरीवाल, सरिता सराफ, अनीता तुलस्यान, रश्मि देवड़ा के साथ 251 महिलाएं रंग बिरंगी साड़ी पहने चुनरी उड़े संगीतमय मंगल पाठ पढ़ीं। इससे पूर्व रवींद्र



जनमुख डेस्क

पुरी स्थित देवड़ा निवास से संस्था के अध्यक्ष भरत सराफ मंत्री राधे गोविंद केजरीवाल के नेतृत्व में मारवाड़ी समाज की अनेक महिला संगठन की महिलाओं द्वारा निशान यात्रा निकाली गई।


जनमुख परामर्श मंडल : एस. कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया, संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज, श्रीनारायण खेमका, अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन, वी.के.जैन, अध्यक्ष-जैन मिलन, वाराणसी, डा. एस.के.पाठक वरिष्ठ चिकित्सक, डा. नीलम ओहरी स्त्री रोग विशेषज्ञ, प्रधान सम्पादक ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा', समाचार सम्पादक सरोज सिन्हा, स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित। रजि.33134/78. फोन : 0542-2500324 9336929544, Email : janmukh.vns@gmail.com

## सोनभद्र समाचार

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार किशोर की मौत, दो घायल

**सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के परासपानी में बृहस्पतिवार की देर शाम तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार राहुल गोंड (15) की मौत हो गई। वहीं अनियंत्रित होकर गिरे दोनों बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

उपचार के लिए उन्हें चोपन सीएचसी पहुंचाया गया। साढ़े छह बजे शंभू आईटीआई कॉलेज के पास वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग पर डाला की तरफ से जा रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर साइकिल सवार को टक्कर मार दिया। कोटा के बसुधा टोला निवासी राहुल गोंड (15) परासपानी में अपने मामा सरजू के यहां रहकर कक्षा नौ में पढ़ाई कर रहा था। बृहस्पतिवार की शाम साढ़े छह बजे के करीब वह साइकिल से अपने घर की पाही पर जा रहा था। जैसे ही वह परासपानी में मुख्य मार्ग पर आया। डाला की तरफ से जा रही बाइक ने तेजी से टक्कर मार दी। इससे जहां वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं हादसे के बाद बाइक भी अनियंत्रित होकर गिर गई। इससे बाइक सवार परासपानी निवासी सुरेंद्र (28) और जोगेंदर (20) भी घायल हुए।

राहगीरों ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से तीनों को लेकर अस्पताल पहुंची जहां राहुल को मृत घोषित कर दिया गया। पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मऊ समाचार

### प्रेमी के घर से 200 मीटर दूर पेड़ पर लटका मिला महिला का शव

**मऊ।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के ख्वाजाजहांपुर चंद्रभानपुर मोहल्ले में बुधवार को एक गर्भवती महिला पूनम राजभर (23) का शव प्रेमी के घर से 200 मीटर दूर पेड़ पर फंदे से लटका मिला। परिजनों ने पूनम के प्रेमी संतोष राजभर और उसके परिवार वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने पूनम की मां की तहरीर पर संतोष सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गाजीपुर जिले की निवासी पूनम की मां ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें बताया कि पूनम का प्रेम संबंध ख्वाजाजहांपुर चंद्रभानपुर निवासी संतोष राजभर से चल रहा था। छह माह पहले वह अपने पहले पति और तीन वर्षीय बेटे को छोड़कर संतोष के साथ चली गई थी। दोनों ने मुंबई में शादी की और कुछ समय तक साथ रहे।

## सुल्तानपुर समाचार

### फंदे से लटका मिला किशोरी का शव

**जयसिंहपुर/ सेमरी।** भिटूरा निवासी त्रिभुवन की पुत्री दुर्गावती (16) का शव बृहस्पतिवार सुबह कमरे की छत में लगे पंखे से साड़ी के फंदे से लटका देखा गया। अभी तक मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है।

पिता त्रिभुवन ने बताया कि बुधवार रात घर का काम करने के बाद वह अपने कमरे में सोने चली गई। बृहस्पतिवार सुबह उसकी मां माधुरी ने दरवाजा खटखटाया, तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद दुर्गावती की मां कोटे की दुकान पर राशन लेने चली गईं। वहां से लौटने पर दुर्गावती के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर खटखटाने के बाद भी जब कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई, तो परिजनों ने किसी तरह दरवाजा खोला।कमरे में दुर्गावती का साड़ी के फंदे से लटका शव देखकर परिजन अवाक रह गए। उसे देखने के बाद परिजन रोने-बिलखने लगे। जयसिंहपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। त्रिभुवन शहर में रहकर मजदूरी करते हैं। दुर्गावती दो भाई और दो बहन में सबसे बड़ी थी। उसकी मौत से माता माधुरी, भाई अहम (9), रुद्र (4) बहन रिप्ती (6) का रो-रोकर बुरा हाल है।

### हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम में छात्राओं ने पूछे सवाल

**सुल्तानपुर।** मिशन शक्ति के अन्तर्गत बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने डीएम कुमार हर्ष की मौजूदगी में लैंगिक हिंसा, असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज हिंसा आदि से जुड़े सवाल पूछे।

## देवरिया समाचार

### रेल लाइन के किनारे झाड़ियों में शव मिला

**लार रोड।** बृहस्पतिवार की शाम धरमेर गांव के समीप रेल लाइन की झाड़ी में शव देखकर किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची मईल पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। शव की अभी पहचान नहीं हो पा रही है। शव पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया है। आशंका है कि कोई व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आया होगा।

### पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

**देवरिया।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत जिला पुलिस की पैरवी से थाना भलुअनी में पंजीकृत पॉक्सो एक्ट के एक मुकदमे में अभियुक्त को न्यायालय ने 20 वर्ष के सश्रम कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। ग्राम खजुरी निवासी राम आश्रय यादव के खिलाफ भलुअनी थाने में पॉक्सो एक्ट के तहत वर्ष 2022 में केस दर्ज किया गया था।

## भदोही समाचार

### ईपीएम से कालीन निर्यात को मिलेगी गति : वाटल

**भदोही।** केंद्र सरकार की एमएसएमई, श्रम-प्रधान सेक्टरों को सुदृढ़ करने के लिए केंद्रीय बजट में किए गए एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन (ईपीएम) के प्रावधान का कालीन निर्यातकों ने स्वागत किया है। उनका कहना है कि ईपीएम में 25,060 करोड़ की व्यवस्था की गई है जो अगले पांच वर्षों तक के लिए होगी। यह निर्यात बढ़ाने के उपयोग में लाया जाएगा।

कालीन निर्यात संवर्धन परिषद (सीईपीसी) के चेयरमैन कुलदीप राज वाटल ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ प्रभावी होने के बाद उत्पादन क्षेत्र के सभी सेक्टरों के लिए यह एक बड़ी खबर है। अमेरिकी टैरिफ से सबसे अधिक नुकसान भारतीय कालीन उद्योग को उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि दूसरे सेक्टर के उत्पाद तो भारत में भी बेचे जा सकते हैं लेकिन हस्तनिर्मित कालीन और हस्तशिल्प ऐसा उत्पाद है जिसकी डोमेस्टिक खपत एक प्रतिशत है, बाकी निर्यात हो जाता है। ऐसे में 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ का सबसे अधिक नुकसान कालीन उद्योग को ही उठाना पड़ा है।

उन्होंने कहा कि ईपीएम योजना को केंद्रीय मंत्री मंडल की मंजूरी मिलना कालीन सेक्टर के लिए सुखद खबर है। यह और भी सुखद इसलिए है कि टैरिफ लगने के बाद से सबसे अधिक प्रभावित हम थे और इस समस्या से निजात पाने के लिए सबसे अधिक दौड़ सीईपीसी ने की थी। चेयरमैन ने कहा कि ईपीएम अकेले परिणाम देने में सक्षम होगा। इतना ही नहीं आने वाले दिनों में भारतीय निर्यातपरक इकाइयों को संभालने में मददगार सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह योजना वैश्विक व्यापारिक चुनौतियों का सामना करने सक्षम होगी। निर्यातकों की मौजूदा समस्याएं भी दूर होंगी।

## गोरखपुर समाचार

### एकमुश्त समाधान योजनाः गोरखपुर में 25 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

**गोरखपुर।** बकाया बिजली बिल के भुगतान को लेकर पहली बार ज्यादा छूट देने का आदेश हुआ है। इससे शहर के लगभग 25000 उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। बिजली निगम का बिल बकाया लगभग 83 करोड़ रुपये है। बताया जा रहा है कि इस योजना का लाभ एक किलोवाट के कामर्शियल कनेक्शन लेने वाले व दो किलो वाट के घरेलू कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। बताया जा रहा है कि शहरी क्षेत्र के नेवर पेड उपभोक्ता लगभग 2584 हैं, जिन पर लगभग 9 करोड़ 91 लाख बकाया है। वहीं, एक मार्च 2025 से बिल नहीं जमा करने वाले लगभग 22924 उपभोक्ता हैं जिन पर लगभग 73 करोड़ 94 लाख बकाया है।

## मीरजापुर समाचार

### दोस्त की शादी में शामिल होकर घर लौट रहे तीन लोगों की सड़क हादसे में मौत



**मीरजापुर।** यातायात माह में भी सड़क हादसों में कमी नहीं आ रही है। कटरा, अहरौरा और अदलहाट थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में महिला समेत तीन की मौत हो गई। वहीं, हादसे में तीन लोग घायल हो गए। इसमें एक की हालत गंभीर है। कटरा के मुकेरी बाजार में बुधवार की देर रात एक बाइक खड़े ट्रक में जा टकराई। हादसे में बाइक सवार मामा सत्य प्रकाश की मौत हो गई। भांजा मंजीत कुमार घायल हो गया। अहरौरा थाना क्षेत्र के बाराडीह कुदारन के पास दो बाइक की टक्कर में सिद्धांत गौतम की मौत हो गई। दूसरा बाइक सवार भाग गया। अदलहाट थाना क्षेत्र के बाराडीह मजार के पास टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार रेनू गुप्ता की मौत हो गई। उसके दो भाई घायल हो गए। महुवरिया मोहल्ला निवासी सत्य प्रकाश (23) भांजे मंजीत कुमार (22) के साथ बाइक से दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए वाराणसी गया था। बुधवार की देर रात वाराणसी से लौटते समय कटरा के मुकेरी बाजार के पास बाइक सवार खड़े ट्रक में जा टकरा गए। हादसे में दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को मंडलीय अस्पताल लेकर आई। जहां डॉक्टरों ने सत्य प्रकाश को मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाइयों में छोटा था। बड़े भाई प्रभाकर इस समय लखनऊ में डॉक्टर है। कटरा कोतवाल वैद्यनाथ सिंह ने बताया कि ट्रक में टकराने से बाइक सवार की मौत हो गई। गाजीपुर के सादियाबाद क्षेत्र के बरईपारा गांव निवासी सिद्धांत गौतम (26) परिवार के साथ अहरौरा में रहते थे। पिता उदईराम अहरौरा सीएचसी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। इस समय चंदौली के बरैनी पीएचसी में तैनात हैं। सिद्धांत गौतम एक निजी फाइनेंस कंपनी में काम करता था। प्रतिदिन वह रात को वह काम से घर लौटता था। बुधवार की देर रात वह बाइक से घर लौट रहा था। अहरौरा के बाराडीह कुदारन के पास सामने से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। हादसे में सिद्धांत घायल हो गए। उनको पीएचसी ले जाया गया।

## आजमगढ़ समाचार

### अस्पताल में तीन ईएमओ समेत 18 स्वास्थ्यकर्मी मिले अनुपस्थित

**बलरामपुर।** मंडलीय जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य व्यवस्था लगातार सवालों के घेरे में है। दो दिन पहले सीडीओ ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था, कई खामियां मिलीं थीं। इस क्रम में बृहस्पतिवार को एसआईसी डा. ओम प्रकाश ने स्वयं निरीक्षण किया, जिसमें 18 स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित कर्मचारियों में तीन ईएमओ डॉ. अशुतोष कुमार शाह, डॉ. संजय वर्मा, डॉ. जावेद, फिजीशियन डॉ. विरेंद्र कुमार, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. बालचंद्र प्रसाद, दो फार्मासिस्ट, जनरेटर ऑपरेटर, ड्राइवर, तीन वार्ड बॉय, दो स्वीपर, कंप्यूटर ऑपरेटर और सीटी स्कैन तकनीशियन शामिल हैं। एसआईसी ने सभी अनुपस्थित कर्मचारियों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करते हुए तीन दिन में जवाब मांगा, साथ ही वेतन रोकने का निर्देश दिया है।

## प्रयागराज समाचार

### एंटी करप्शन ने आपूर्ति निरीक्षक को 10 हजार की रिश्वत के साथ किया गिरफ्तार



**प्रयागराज।** एंटी करप्शन की टीम ने आपूर्ति निरीक्षक नंदकिशोर यादव को 10 हजार रुपये की रिश्वत के साथ रंगे हाथ झूंसी से गिरफ्तार किया है। इन पर शिकायतों के निस्तारण करने को लेकर हर महीने रिश्वत मांगने का आरोप है। एंटी करप्शन की टीम मामले की छानबीन में जुट गई है। फूलपुर थाना क्षेत्र के हंडिया द्रतहसील के अंतर्गत गांव बसना खास निवासी राजमणि कोटा राशन की दुकान की दुकान चलाते हैं। उन्होंने एंटी करप्शन टीम को शिकायत दी थी कि उनके विरुद्ध फर्जी शिकायतों के निस्तारण की जांच हंडिया में तैनात आपूर्ति निरीक्षक नंदकिशोर यादव कर रहे हैं, जो कि हर महीने रुपये की मांग कर रहे हैं। शिकायत पर एंटी करप्शन की टीम ने आरोपी नंदकिशोर को झूंसी के लेबर चौराहा स्थित आवास विकास कॉलोनी के पास से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया है। एंटी करप्शन की जांच में सामने आया कि आपूर्ति निरीक्षक नंदलाल मूलरूप से देवरिया जिले के गांव खोराराम बढ्या बुजुर्ग का रहने वाला है। पकड़े गए आरोपी से टीम ने पूछताछ शुरू कर दी है।

## बलिया समाचार

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ी बाइक, युवक की मौत

**नगरा/इंदरपुर।** नगरा-रसड़ा मार्ग पर रघुनाथपुर मोड़ से आगे एक बाइक खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ गई। हादसे में बाइक सवार दीपक कुमार (32) निवासी मलपहरसेनपुर की मौत हो गई। नगरा के एसओ संजय मिश्र ने बताया कि दीपक कुमार बाइक से किसी कार्यवश रसड़ा गए हुए थे। वहां से लौटते समय उसकी बाइक रघुनाथपुर मोड़ से आगे खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। इससे बाइक सवार युवक घायल हो गया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया।

### भरौली और माझीघाट पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

**बलिया।** जिलाधिकारी ने भरौली पुल पर उच्च गुणवत्ता के कैमरे लगाकर उन्हें आईएसआईपी सिस्टम से जोड़ने के निर्देश दिए हैं।

## गाजीपुर समाचार

### गाजीपुर में 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालतः अधिक मामलों के निस्तारण का लक्ष्य



**गाजीपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, गाजीपुर जनपद में आगामी 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी गुरुवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी एवं अपर जिला न्यायाधीश (एडीजे) शक्ति सिंह ने दी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजन को न्यायिक प्रक्रिया से जोड़ते हुए अधिक से अधिक मामलों का आपसी समझौते से निस्तारण कराना है। एडीजे शक्ति सिंह ने बताया कि यह लोक अदालत जनपद न्यायालय गाजीपुर, वाह्य न्यायालय सैदपुर व मुहम्मदाबाद, तथा ग्राम न्यायालय जखनियां सहित अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में एक साथ आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि पिछली राष्ट्रीय लोक अदालत में 1 लाख 22 हजार वादों का निस्तारण किया गया था। इस बार उससे अधिक वादों के निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि आमजन को इसकी प्रक्रिया और लाभों की जानकारी मिल सके।

राष्ट्रीय लोक अदालत में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संबंधी वाद, छोटे व लघु दाण्डिक वाद, पारिवारिक वाद, धारा-138 एन.आई. एक्ट के मामले, स्टाम्प व पंजीयन वाद, मोटर अधिनियम से संबंधित मामले, चकबंदी, श्रम, उपभोक्ता फोरम वाद, बिजली चोरी के मामले तथा वैवाहिक विवादों को सुलह-सहमति व मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारित किया जाएगा। अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि वे अपने लंबित मामलों का त्वरित समाधान पाने के लिए इस लोक अदालत में भाग लेकर इसका लाभ उठाएं।

## चंदौली समाचार

### खतौनी का झंझट खत्म, अब पासबुक से मिलेगी खाद

**कंदवा।** अब समिति के सदस्य किसानों को खाद के लिए कई तरह के कागजात नहीं लगाने होंगे। समिति की ओर से सदस्यों को पासबुक जारी की जाएगी। इसी के हिसाब से उन्हें खाद दी जाएगी। पासबुक में खाद से लेकर खेत का रकबा, सब कुछ दर्ज होगा। ऽ

खेती के सीजन में खाद की खपत ज्यादा होती है। किसान को उसके खेत के रकबे के आधार पर खाद दी जाएगी। इससे खाद की कालाबाजारी पर भी रोक लगेगी। वर्ष 2024 में नई व्यवस्था अपनाई गई थी। इसमें खेत के रकबे के अनुसार समितियों पर खाद मुहैया होने की व्यवस्था बनाई गई। किसानों को पॉश मशीन से लेकर खतौनी के कागजात की अनिवार्यता कर दी गई। अब इन कागजों से किसानों को छुटकारा दिलाने के लिए समितियों पर सदस्य किसानों को पासबुक मुहैया कराई जाएगी। इसके बाद उन्हें खाद के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा जिले में 83 समितियां और 18 संघ समिति वर्तमान में सक्रिय हैं।

सहकारिता विभाग की ओर से इन समितियों पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इन समितियों पर 1.50 लाख किसान पहले से ही सदस्य थे। वहीं नए आंकड़े के अनुसार 30 हजार नए सदस्य बनाए जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में अब जिले में एक लाख 80 हजार के करीब किसान समितियों के सदस्य हो जाएंगे। सदस्यता अभियान में प्रत्येक किसान से 221 रुपये लिए जा रहे हैं। वहीं पांच रुपये अतिरिक्त भी लिए जा रहे हैं।

इस पांच रुपये से प्रत्येक किसान को एक पासबुक मुहैया कराई जाएगी। किसान ने कितनी खाद ली और कितनी बाकी है, सभी बिंदु इस पासबुक में दर्ज रहेंगे।

## जौनपुर समाचार

### पूर्वांचल विश्वविद्यालय में 5 स्टार्टअप पंजीकृत




**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। विश्वविद्यालय के निरंतर प्रयासों से अब तक कुल पांच स्टार्टअप पंजीकृत किए जा चुके हैं। यह कदम छात्रों को आत्मनिर्भरता, रोजगार सृजन और व्यावहारिक शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ा रहा है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्टार्टअप के लिए आठ प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की है। इनमें कृषि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बायोटेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, प्रबंधन और कंसल्टेंसी जैसे महत्वपूर्ण सेक्टर शामिल हैं। इसका उद्देश्य छात्रों को इन क्षेत्रों में अपने नवाचारपूर्ण विचारों को व्यावहारिक रूप देने में सक्षम बनाना है। विश्वविद्यालय परिसर में स्टार्टअप एवं इनक्यूबेशन केंद्र से संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए समय-समय पर कार्यशालाएं, सेमिनार और संवाद सत्र आयोजित किए जाते हैं। इन आयोजनों में विषय विशेषज्ञ छात्रों को स्टार्टअप की प्रक्रिया, फंडिंग के विकल्प और उद्यमिता के नवीनतम रुझानों से अवगत कराते हैं।

विश्वविद्यालय के शिक्षकों के साथ-साथ बाहरी विशेषज्ञों द्वारा भी विशेष व्याख्यान आयोजित किए जाते हैं। चार्टर्ड अकाउंटेंट और उद्योग विशेषज्ञों की एक टीम छात्रों को बिजनेस मॉडल तैयार करने, वित्तीय प्रबंधन और संभावित बाजार की समझ विकसित करने में सहायता करती है। छात्रों द्वारा प्रस्तुत प्रत्येक बिजनेस आइडिया को एक विशेषज्ञ समिति द्वारा परखा जाता है। व्यवहारिकता, नवाचार और सामाजिक उपयोगिता जैसे मानकों पर खरा उतरने के बाद ही उसे स्टार्टअप पंजीकरण की स्वीकृति दी जाती है।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय का यह प्रयास न केवल विद्यार्थियों में नवाचार की भावना को सशक्त बना रहा है, बल्कि युवाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए भी प्रेरित कर रहा है।

## लाइफ मंत्र

### इस दिन मनाई जाएगी गीता जयंती, जानें शुभ मुहूर्त और शुभ योग



हिंदू पंचांग के अनुसार, गीता जयंती हर साल मार्गशीर्ष मास की शुक्ल अष्टमी को मनाई जाती है। गीता जयंती वह पवित्र दिन है जब भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र के युद्धभूमि में अर्जुन को श्रीमद्भगवद्गीता का दिव्य उपदेश दिया था। गीता जयंती का विशेष महत्व है, क्योंकि यह न केवल आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक है, बल्कि धर्म, कर्तव्य और जीवन के मूल्यों को समझने का अवसर भी देती है। इस दिन भक्त योग, ध्यान, पूजा और गीता पाठ के माध्यम से श्रीकृष्ण के संदेश को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेते हैं।

तो आइए जानते 2025 में गीता जयंती कब है?

**गीता जयंती शुभ मुहूर्त**

पंचांग के अनुसार, अगहन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 30 नवंबर को रात 09 बजकर 29 मिनट पर शुरू होगी और 01 दिसंबर को शाम 07 बजकर 01 मिनट पर समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार, सोमवार 01 दिसंबर को गीता जयंती मनाई जाएगी।

**गीता जयंती शुभ योग**

ज्योतिष गणना के अनुसार, अगहन माह की शुक्ल पक्ष एकादशी पर इस बार शुभ शिववास योग बन रहा है। इसके साथ अभिजीत मुहूर्त का शुभ समय भी पड़ रहा है। माना जाता है कि इन पवित्र योगों में भगवान कृष्ण की आराधना करने से साधक को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और उसकी मनोकामनाएँ भी पूर्ण होने लगती हैं।

## दिल्ली-NCR वालों के लिए परफेक्ट वीकेंड स्पॉट! भरतपुर नेशनल पार्क दिलाएगा सुकून



दिल्ली-NCR से वीकेंड ट्रिप के लिए भरतपुर नेशनल पार्क एक शानदार विकल्प है, जहां केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में अक्टूबर से मार्च के बीच रंग-बिरंगे प्रवासी पक्षियों और विविध वन्यजीवों का अद्भुत नजारा मिलता है। यह स्थल शहरी जीवन की भागदौड़ से सुकून और एकांत प्रदान करता है, जिससे परिवार व दोस्तों के साथ प्रकृति का आनंद लिया जा सके। अगर आप दिल्ली-ीं में रहते हैं और वीकेंड ट्रिप पर जाने का प्लान कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल सिर्फ आपके लिए है। भागदौड़ भरी जिंदगी से परेशान होकर लोग कुछ समय के लिए सुकून की तलाश करते हैं। रोजाना 9 टू 5 जॉब करके हम सभी का माइंड और बॉडी दोनों ही थक जाती है। अगर आप वीकेंड पर फैमिली और दोस्तों के साथ समय सुकून बिताना चाहते हैं, तो आप भरतपुर बर्ड सेंचुरी एक्सप्लोर करने जरुर जाएं। यहां पर आपको जंगलों के बीच पक्षियों का सुंदर नजारा और एकांत व सुकून का माहौल देखने को मिलेगा।

**भरतपुर बर्ड सेंचुरी जाने का समय**

आपको बता दें कि, भरतपुर बर्ड सेंचुरी का असली नाम केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान है। जो कि भरतपुर जिला राजस्थान में बना हुआ है। वीकेंड के दौरान दिल्ली के आसपास जगहों के लिए ये नेशनल पार्क टॉप पर रहता है। अक्टूबर से लेकर मार्च तक महीने तक यहां समय बीतना बेहद ही खास होता है। इस समय यहां पर लोकल बर्ड के अलावा माइग्रेटेड पक्षी भी आते हैं। यह समय जाने के लिए सबसे बेस्ट है।

**भरतपुर बर्ड सेंचुरी में देखने के लिए क्या-क्या है?**

यहां पर आपको प्रवासी पक्षियों में से साइबेरियन सारस, बार हेडेड गीज, पेलिकन और पेंटेड स्टार्क आते हैं। इसके अलावा, लोकल पक्षियों की ढेर सारी वैराइटी भी देखने को मिलती है। पक्षियों के अतिरिक्त, यहां पर अजगर, मॉनिटर छिपकलियां, कुछ वाइल्ड कैट, गोल्डन सियार, जंगली सुअर, सांभर, हिरण, चितल हिरण भी देखने को मिल जाएंगे। यहां आप कई सारे कछुओं की वैराइटी देख सकते हैं।

**भरतपुर में इन जगहों पर घूमें**

भरतपुर नेशनल पार्क के अलावा आप यहां पर लोहागढ़ फोर्ट भी टूरिस्ट प्लेस पर घूमने जा सकते हैं। बांके बिहारी मंदिर, भरतपुर पैलेस और म्यूजियम की सैर कर सकते हैं। भरतपुर में लोकप्रिय गंगा मंदिर अपने अनोखे इतिहास के लिए जाना जाता है। यह लगभग 90 साल पुराना है। यहां पर लक्ष्मण मंदिर और गर्वनमेंट म्यूजियम भी देखने के लिए टूरिस्ट जाते हैं।

**कैसे पहुंचे भरतपुर**

बता दें कि, भरतपुर रेलवे स्टेशन सभी प्रमुख स्टेशनों से पूरी तरह से कनेक्टेड है। दिल्ली से आप भरतपुर ट्रेन पकड़ सकते हैं। दिल्ली से आप बस या फिर प्राइवेट कैब से भी जा सकते हैं। ढाई घंटे में आप यहां आराम से पहुंच जाएंगे।



# दिल्ली की यमुना में गोवा-मुंबई जैसा क्रूज अनुभव, दिसंबर से शुरू होगा यादगार सफर

दिल्ली की यमुना नदी में क्रूज सेवा शुरू की जा रही है। यह क्रूज सेवा दिल्ली के सोनिया विहार पुस्ते से लेकर जगतपुर के बीच चलेगी। दिल्ली के पर्यटन मंत्री के मुताबिक इससे न सिर्फ लोगों को नया एक्सपीरियंस मिलेगा, बल्कि यमुना किनारे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। अब दिल्लीवालों को क्रूज यात्रा करने के लिए गोवा या फिर मुंबई जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। क्योंकि अब क्रूज यात्रा दिल्ली में शुरू होने जा रही है। दरअसल, दिल्ली सरकार यमुना नदी में क्रूज सेवा शुरू करने जा रही है। इसके तहत दिसंबर से यमुना में क्रूज सेवा शुरू होने की उम्मीद है। यह क्रूज सेवा दिल्ली के सोनिया विहार पुस्ते से लेकर जगतपुर के बीच चलेगी। दिल्ली के पर्यटन मंत्री के मुताबिक इससे न सिर्फ लोगों को नया एक्सपीरियंस मिलेगा, बल्कि यमुना किनारे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। दिल्ली सरकार चाहती है कि लोग अपने शहर में पानी के सफर का आनंद उठाएं और साथ ही यमुना को एक आकर्षक टूरिस्ट स्पॉट के तौर पर भी विकसित किया जा सके। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिल्ली में शुरू होने जा रही क्रूज सेवा के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

> **दिल्ली की यमुना नदी में क्रूज सेवा शुरू की जा रही है। यह क्रूज सेवा दिल्ली के सोनिया विहार पुस्ते से लेकर जगतपुर के बीच चलेगी। दिल्ली के पर्यटन मंत्री के मुताबिक इससे न सिर्फ लोगों को नया एक्सपीरियंस मिलेगा, बल्कि यमुना किनारे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।**

**यमुना में उठा सकेंगे क्रूज का मजा**

बता दें कि दिल्ली सरकार यमुना नदी को साफ-सुथरा बनाने और इसको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के योजना पर काम कर रही है। इसके तहत पर्यटन मंत्रालय ने यमुना नदी में क्रूज सेवा शुरू किए जाने का ऐलान किया है। पर्यटन मंत्री के अनुसार, क्रूज के हिस्सों को जोड़ने का काम पूरा होने को है, वहीं कुछ दिनों में यमुना में क्रूज सेवा शुरूकर दी जाएगी। सोनिया विहार के पास पर्यटकों के चढ़ने-उतरने और ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। जिससे कि लोग आसानी से इस यात्रा का लुत्फ उठा सकें।

**पिक एंड ड्रॉप पॉइंट**

यमुना नदी पर शुरू होने वाली क्रूज सेवा फिलहाल सोनिया विहार से जगतपुर तक शुरू होगी। यात्रियों को जगतपुर नहीं उतारा जाएगा, बल्कि उनको वापस क्रूज से सोनिया विहार लाया जाएगा। यानी की 90 मिनट में कुल 10 किमी की यात्रा तय की जाएगी। इस क्रूज में एक बार में करीब 100 से अधिक लोग सफर कर सकेंगे। वहीं अभी तक टिकट का किराया तय नहीं किया गया है। यह पहल दिल्ली में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ लोगों को यमुना किनारे एक नया अनुभव देने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है।

**मिलेंगी ये सुविधाएं**

जल्द ही दिल्ली की यमुना नदी में क्रूज सेवा शुरू होने जा रही है। इस क्रूज में 90 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी और खाने-पीने के लिए कैफे और रेस्तरां की सुविधा भी मिलेगी। क्रूज सोनिया विहार पुस्ते से चलेगा और करीब 8 किमी का सफर तय करके जगतपुर शनि मंदिर तक जाकर वापस सोनिया विहार आएगा। मानसून के समय क्रूज सेवा बंद रहेगी, क्योंकि मानसून में यमुना का जल स्तर बढ़ जाता है। क्रूज सेवा शुरू करने के पीछे सरकार का उद्देश्य यमुना किनारे पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना है।

**टिकट की कीमत**

प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के मकसद सिर्फ नया टूरिस्ट स्पॉट बनाना नहीं बल्कि लोगों को यमुना नदी से जोड़ना है। लोग जब यमुना नदी को करीब से देखेंगे, तो इसको साफ बनाए रखने की अपनी जिम्मेदारी को भी महसूस करेंगे। वहीं टिकट की कीमतें पर्यटन मंत्री और सीएम की मंजूरी के बाद तय की जाएंगी। प्रयास होगा परिवारों, छात्रों और पर्यटकों के लिए टिकट सस्ती रखी जाए।

**दिल्ली मेट्रो से जोड़ा जाएगा**

अब DTC के साथ मिलकर पर्यटन विभाग यमुना क्रूज जेटी को पास के मेट्रो स्टेशनों से जोड़ने की भी तैयारी कर रहा है। जिससे कि लोगों को वहां पर पहुंचने में समस्या न हो। वहीं सुबह और शाम के समय कई ट्रिप चलाई जाएंगे। जिससे पर्यटक यमुना के खूबसूरत नजारों का लुत्फ उठा सकें।

## सपनों का हनीमून! बिना वीजा के इन जगहों पर बिताएं जिंदगी के सबसे रोमांटिक पल



यह लेख हनीमून के लिए टॉप वीजा-फ्री रोमांटिक डेस्टिनेशंस की जानकारी देता है, जहां नवविवाहित जोड़े यादगार पल बिता सकते हैं। मालदीव, मॉरीशस और सेशेल्स जैसे खूबसूरत बीच वाले देश कपल्स को लक्जरी अनुभव और शांति प्रदान करते हैं, जबकि अल्माटी और फिजी भी अपनी प्राकृतिक सुंदरता से हनीमून को खास बनाते हैं। हनीमून हर नवविवाहित जोड़े के जीवन का सबसे खूबसूरत समय होता है, जिसे खास जगह पर बिताना हर किसी का सपना होता है। दुनिया में कई ऐसी रोमांटिक डेस्टिनेशंस हैं जो हनीमून के लिए परफेक्ट मानी जाती हैं। मालदीव अपने शांत समुद्र, वॉटर विला और प्राइवेट बीच के लिए मशहूर है। दुनिया में ऐसी के बीच वाले देश हैं जो वीजा-फ्री है, जहां आप अपने पल को सुकून से बिता सकते हैं। मॉरीशस सुंदर बीच और नेचर के कारण रोमांटिक माहौल प्रदान करता है। मॉरीशस और सेशेल्स भी अपने लग्जरी रिसॉर्ट्स और नीले समुद्र के लिए लोकप्रिय हैं। हनीमून को खास बनाने के लिए आप इन जगहों पर घूमने जरुर जाएं। ये सभी जगहें कपल्स को सुकून, रोमांस और यादगार पलों से भरा अनुभव देंगी।

**मालदीव**

नवविवाहित कपल्स के लिए मालदीव सबसे बेस्ट जगहों में से एक है। हनीमून के लिए यह बेस्ट डेस्टिनेशन है, जो कि वीजा-फ्री है। यहां के ओवरवॉटर विला, क्लिर ब्लू पानी और रंग-बिरंगी मछलियां किसी स्वर्ग से कम नहीं है। मालदीव में प्राइवेट रिसॉर्ट्स दीपों के लिए जाना जाता है। शाम के समय समुद्र किनारे कैंडललाइट डिनर, कपल स्पा और सनसेट क्रूज आपकी यादों को हमेशा यादगार बना देंगा।

**मॉरीशस**

मॉरीशस सुंदर बीच, हरे-भरे जंगलों और विविध संस्कृति के लिए जाना जाता है। कपल्स यहां पर ले मॉर्न ब्राबांट, चमरेल की सेवन कलर्ड अर्थ और पाम्पलमूस बोटैनिकस गार्डन देख सकते हैं। यदि आप एडवेंचर का लुत्फ उठाना चाहते हैं, तो स्कूबा डाइविंग, सेलिंग या ट्रेकिंग का मजा ले सकते हैं। यहां आप हनीमून को शानदार तरीके से एन्जॉय कर सकते हैं।

**सेशेल्स**

एक शांत और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है सेशेल्स, यहां पर सफेद रेत वाले बीच और नीले पानी की लहरें कपल्स को अट्रैक्ट करेगी। यहां के लोकप्रिय स्थानों में अन्से लाजियो बीच और यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट डे शामिल है। कपल्स यहां पर प्राइवेट यॉट में सफर कर सकते हैं।

**अल्माटी**

अल्माटी कजाखस्तान का सबसे बड़ा और खूबसूरत शहर है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और आधुनिकता के लिए प्रसिद्ध है। यह शहर बर्फ से ढके पहाड़ों, झीलों और हरियाली से घिरा हुआ है। अल्माटी कभी देश की राजधानी था और आज भी इसका सांस्कृतिक और आर्थिक केंद्र माना जाता है। यहां का मेदेओ आइस स्केटिंग रिंक, शिम्बुलक स्की रिसॉर्ट और बिग अल्माटी लेक प्रमुख आकर्षण हैं। अपनी शांत जलवायु और सुंदर दृश्यों के कारण यह हनीमून और पर्यटन के लिए सबसे बेस्ट डेस्टिनेशन है।

**फिजी**

हनीमून के लिए फिजी एक शानदार डेस्टिनेशन है। फिजी नेचुरल खूबसूरती के लिए जाना जाता है। यहां के साफ बीच, कोरल रीफ और हरियाली से भरे जंगल न्यूली वेड कपल के लिए शानदार है। यहां पर आफ डाइविंग, स्नॉर्कलिंग और हाइकिंग कर सकते हैं।


कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF.: SHOP No-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्टरी

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170